मेरा पन्ना

बलराम

अभिनव गुप्ता

आगे क्या हुआ होगा...

एक था शेर और एक बैल। उनकी बहुत पक्की दोस्ती थी। लेकिन शेर बैल से चिढ़ता था। एक दिन शेर और बैल वन घूमने गए। तभी एक गाय का बछड़ा शेर के आगे आ गया। तो शेर उस बछड़े पर बारह फिट दूर से झपटा। बछड़ा डर के मारे गिर गया। तो वह बछड़े के पास पहुँचा और उसको सूँघने लगा। तो वह बैल बोला शेर से - भाई शेरसिंह यह तो मेरा भाई है, उसको तुम मत मारो।

अब बताओ आगे क्या हुआ होगा....

चित्र व कहानीः दीपक कुमार, पाँचवीं

प्रीति, पता नहीं लिखा

मेरे पास सिर्फ पाँच रुपए थे...

एक दिन जब मैं मेले जा रही थी तो मुझे रास्ते में एक बच्चा दिखाई दिया जो भीख माँग रहा था। उसने मुझसे बोला कि मुझे कुछ पैसे दे दो या कुछ खाने को दे दो। मेरे पास सिर्फ पाँच रुपए थे। मैंने सोचा कि यदि ये पैसे मैं इस बच्चे को दे दूँगी तो मेले कैसे घूमूँगी पर मुझे लगा कि इस बच्चे को इन पैसों की ज़्यादा ज़रूरत है इसलिए दो रुपए उस बच्चे को दे दिए और बचे हुए तीन रुपए लेकर मैं मेले की तरफ चल दी।

नाम, पता नहीं लिखा

एक घर था

एक घर था। उस घर में एक बूढ़ा आदमी रहता था। उसके घर के सामने एक तालाब था। एक दिन बूढ़े आदमी ने सोचा कि वह एक पालतू जानवर रखे जैसे गाय, कुत्ता, भैंस और तोता। वह सोच में पड़ गया कि वह कौन-सा पालतू जानवर पाले तो उसने सोचा कि वह तोता रखे। फिर वह एक तोते की दुकान में गया उसने दुकानदार से कहा कि उसे एक तोता चाहिए। दुकानदार ने उसे एक तोता दिया। फिर बूढ़े आदमी ने दुकानदार से पूछा कि इस तोते को मैं कहाँ रखूँगा। दुकानदार ने उत्तर दिया कि इसको पिंजरे में रखना। फिर बूढ़ा एक पिंजरे की दुकान में गया। उसने दुकानदार से कहा - दुकानदार भैया, क्या आप मुझे एक पिंजरा देंगे। दुकानदार वाले ने उत्तर दिया - हाँ, मैं अभी लाता हूँ। फिर दुकानदार ने बूढ़े आदमी को एक पिंजरा दे दिया। फिर बूढ़े आदमी ने तोते को पिंजरे में रखा। बूढ़ा आदमी और तोता एक साथ रहने लगे।

रितिका रतनानी, तीसरी, दुर्ग, छत्तीसगढ़

ओसामा खुर्शीद, आठवीं, नई दिल्ली

नाम, पता नहीं लिखा

करन धनेजा, भोपाल

चिकन बिरयानी

मुझे सबसे ज़्यादा बिरयानी चिकन पसन्द है क्योंकि बिरयानी की खुशबू सबसे अलग है इसलिए मुझे बिरयानी पसन्द है और चिकन इसलिए पसन्द क्योंकि चिकन मुर्गे का बनता है। मैं चिकन बिरयानी सबसे ज़्यादा पसन्द करता हूँ।

इरशाद अली, चौथी, मथुरा, उत्तर प्रदेश

अभिनव गुप्ता, सात वर्ष, इलाहाबाद



एक किश्ती

एक आदमी किश्ती में बैठकर समुद्र की सैर कर रहा था। फिर उसने एक व्हेल का आगे वाला बुग्गा अपनी ओर आता देखा। उसने इतना तेज़ चप्पू चलाया ... इतना तेज़ चप्पू चलाया कि उसके बाल उड़ रहे थे... उसकी कमीज़ उड़ रही थी और उसकी किश्ती उड़ रही थी।

चित्र व कहानीः अस्सू व कूनी, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश

पुराना किला

पुराने किले में मेरे दादा काम करते हैं? और वह नदी बीस फुट गहरी है। वहाँ हम अपने मम्मी-पापा के साथ मछली पकड़ने जाते हैं। और वहाँ हम सब नाव में घूमते हैं। वहाँ किनारे पे जाते है तो हमें वहाँ से अपना चिड़ियाघर दिखता है। और मेरा भैरों मन्दिर भी दिखता है। और आरटीओ भी दिखता है इसलिए तो हमें पुराना किला पसन्द है।

नरसिंह, मथुरा, उत्तर प्रदेश

लक्ष्मण डाबी, सातवीं, उज्जैन, मध्य प्रदेश

कनिष्क कुमार, कानपुर, उप्र

ताज़ा खबर

आज के दिन शास्त्री नगर के विशाल मैदान में रावण का दहन किया गया। रावण को तीन भागों में विभाजित किया गया। हनुमानजी ने गदा मारी तो रावण की धोती खुल गई। छह तीर लगने से उसके दसों मुँह ज़मीन पर गिर गए। दूसरी तरफ राम भगवान का तीर व रावण का गदा युद्ध चल रहा था। वहाँ की आतिशबाजी अच्छी थी। रावण को टाइम बम से उड़ाया गया था। वहाँ पर अनेक विधायकों का स्वागत किया गया। महापौर आदि भी आए थे।

रिपोर्टर - शुभम परमार, सातवीं, उज्जैन, मध्य प्रदेश